दैनिक जागरण 01/04/2023

# प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित



प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ जीएमएन कालेज के प्राचार्य व अन्य। ● सौजन्य विज्ञप्ति

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के योजना मंच द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त और डा. सीमा कंसल के नेतृत्व में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता के विषय वित्तीय घोटाला, बढ़ती बेरोजगारी, बढती हुई महंगाई, बजट 2023 आदि पर विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल की भूमिका डा सुरेंद्र कुंडू, डा. रवनीत कौर और डा. रितु गुप्ता ने निभाई। प्रथम पुरस्कार सुनिधि और काजल, द्वितीय पुरस्कार रितिका और सिमरनजीत कौर तथा तृतीय पुरस्कार खुशी और रिचु को दिया गया। इसी तरह हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी के सैकेंडर आफिसर रबनूर को महानिदेशक एनसीसी पदक (डीजी एनसीसी कमेंडेशन मेडल) से राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। कालेज स्टाफ ने रबनूर को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एनसीसी की ओर से डा. एसएस नैन, डा. सुजाता आदि मौजूद रहे।